कार्यालय नगरपंचायत, कहलगाँव, भागलपुर

आम सूचना

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 4081, दिनांक 26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है जिसकी विवरणी निम्नवत है।

स्वच्छता साथी के जिम्मेदारी, चयन प्रक्रिया एवं दिशा–निर्देश

स्वच्छता साथी कौन होंगे :–

8. स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकता है परन्तु लोकल व्यक्तियो को प्राथमिकता दी जाएगी।
9. अभ्यर्थी की उम्र 40 से अधिक ना हो।
10. अभ्यर्थी को कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।
11. अभ्यर्थी की आवाज साफ हो ताकि वे अच्छे से Communicate कर सके।
12. अभ्यर्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यो मे कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
13. अभ्यर्थी के रूप में Waste Picker, Citizen Leader, SHG member, Swachhagarhi, Sanitation Worker, Brand Ambassadors एवं NULM, ASHA, Anganwadi worker, NGOs youth, Community Based Organizations, RWAs से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते है।
14. नगर पंचायत स्तर पर कुल संख्या– 05 स्वच्छ साथी

स्वच्छता साथी को मिलने वाले लाभ :–

14. कार्य अवधि पांच घंटे प्रतिदिन न्यूनतम होगी।
15. प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जाएगी।
16. छुट्टी हेतु निकाय की प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।
17. मानदेय प्रत्येक माह के एक से पांच तारीख तक देय होगा।
18. प्रतिदिन रू0 300.00 के दर से प्रतिमाह 20 दिन का मानदेय 300 X 20 = 6000.00 रू0 मानदेय के रूप में देय होगा।
19. स्वच्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिए Hire किया जाएगा, जिसकी अवधी अक्टुबर, 2026 तक बढ़ाई जा सकती है।
20. प्रत्येक स्वच्छ साथी को प्रत्येक वर्ष में 200 दिनों के लिए Engage किया जाएगा।
21. 200 कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 दिन का होगा जो वर्ष के किसी भी 10 माह (स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए) में मान्य होगा।
22. सभी स्वच्छ साथी को Monitor करने की जिम्मेदारी लोक स्वच्छता पदाधिकारी की होगी।
23. छुट्टी एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले लोक स्वच्छता पदाधिकारी देखेंगे।
24. किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जाएगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोषजनक नहीं होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।
25. विशेष जानकारी के लिए नगर पंचायत कार्यालय से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।
26. आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में नगर पंचायत कहलगाँव कार्यालय में 22.02.2025 तक समर्पित किया जा सकता है।

नोट :– यह किसी भी प्रकार से Permanent Position नहीं है, अतः किसी भी तरह का Claim मान्य नहीं होगा।

15/02/25

कार्यपालक पदाधिकारी
नगरपंचायत कहलगाँव

CamScanner

ज्ञापांक :–   दिनांक :–

प्रतिलिपि :–प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक नगर पंचायत कहलगाँव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :–प्रधान सहायक सह लेखापाल नगर पंचायत कहलगाँव को सूचनार्थ एवं कार्यालय सूचनापट्ट पर प्रकाशित करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :–सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी नगर पंचायत कहलगाँव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :–अंचलाधिकारी, कहलगाँव को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :–प्रखंड विकास पदाधिकारी, कहलगाँव को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :–अनुमंडल पदाधिकारी, कहलगाँव को सादर सूचनार्थ समर्पित सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:–सूचना एवं तकनीकि प्रबंधक राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र समाहरणालय, भागलपुर।

प्रतिलिपि :–सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

15/02/25

कार्यपालक पदाधिकारी
नगरपंचायत कहलगाँव

CamScanner